साइयन्स ऑफ़ द सोल–अमरीका के तरफ़ से यह ऑफिसियल सूचना है

बाबा जी का सत्संग प्रोग्राम

साईंस ऑफ़ द सोल स्टडी सेंटर – पेटालुमा

2415 East Washington Street, Petaluma, California 94954

मंगलवार जुलाई 30 और बुधवार, जुलाई 31, 2019

सत्संग प्रोग्राम

गेट खुलने का समय:	सुबह 6:00 am
सत्संग हॉल खुलने का समय:	सुबह 6:30 am
अपनी सीटों पर बैठ जाने का समय:	सुबह 8:45 am
सत्संग शुरू होने का समय:	सुबह 9:30 am
सत्संग ख़तम होने का समय:	सुबह 11:00 am
साइट बंद होने का समय:	दोपहर 2:00 pm

अधिक जानकारी के लिए कृप्या करके इस वेबसाइट पर जाएँ: www.petalumaprogram.org
आमंत्रित क्षेत्र: अमरीका में, नीचे लिखी स्टेट्स के निवासी पेटलुमा सत्संग प्रोग्राम के लिए आमंत्रित हैं: AK, AR, AZ, CA, CO, HI, ID, KS, MO, MT, NM, NV, OK, OR, TX, UT, WA, WY.

अमरीका के बाकी स्टेट्स के निवासियों को फेटविल सत्संग प्रोग्राम के लिए आमंत्रित किया जाता है। **आप सिर्फ़ उसी सत्संग प्रोग्राम में जाएँ जहाँ आपके स्टेट को आमंत्रित किया गया हो।**

अन्य देशों में से सिर्फ़ **मेक्सिको, करेबियन, सेंट्रल अमरीका और साउथ अमरीका** के संगत को पेटालुमा के सत्संग प्रोग्राम में आमंत्रित किया गया है।

सत्संग प्रोग्राम: हर रोज़ सुबह 9:30 बजे सत्संग शुरू होगा और सत्संग के बाद सवाल-जवाब होंगे।

पहुँचने का समय—कृपया साइट पर सुबह 6:00 बजे से पहले ना पहुंचे, ज़्यादा जल्दी पहुँचने से सुरक्षा और यातायात के लिए खतरे वाली स्थिति पैदा हो सकती है। समय से पहले पहुँचने वाली संगत की सहूलियत के लिए कोई भी सुविधाएँ उपलब्ध नहीं होंगी। कृप्या सेवादारों को साइट पर पहुँचने और साइट को तैयार करने का उचित समय दें। **जो संगत समय से पहले पहुँचेंगे, उनको हॉल के खुलने के निर्धारित समय सुबह 6:30 बजे से पहले, हॉल के अंदर दाखिल नहीं किया जायेगा। निष्पक्ष होने के ख़ातिर, निर्धारित समय पर आने वाली संगत के लिए, एक चयन तारिक अपनाया जाएगा जिसमें कोई भी लाइन चुनी जा सकती है। अधिक जानकारी के लिए " Important Updates" (ज़रूरी अप्डेट्स) वाली वेब पेज देखें।**

बैठने क़ी सुविधा: संगत को सुबह 8:45 बजे तक अपनी सीटों पर बैठ जाना चाहीये। जो संगत इकट्ठे बैठना चाहते हैं उन्हें इकट्ठे ही पहुँचना चाहिये। किसी और के लिए सीट रोक के रखने की इजाज़त नहीं दी जाएगी। सब की सुविधा और सुरक्षा के लिया, कृपया सेवादारों के साथ सहयोग करें। **कृपया नोट करें कि हॉल कि सामने वाले भाग में बैठने का इंतज़ाम ज़मीन पे गद्दियों के उपर होगा, और वहाँ पर सत्संग का साथ-साथ अनुवाद (सिमल्टेनीयस ट्रैन्स्लेशन) की सुविधा नहीं होगी।**

सत्संग का साथ-साथ अनुवाद (सिमल्टेनीयस ट्रैन्स्लेशन): सतसंग का पंजाबी या हिंदी से अंग्रेज़ी और अंग्रेज़ी से स्पेनिश का साथ-साथ अनुवाद होगा। इसके लिए हेडफोन के साथ सत्संग हॉल में एक निर्दिष्ट बैठने की जगह की व्यवस्था की गई है । कृप्या ध्यान दें कि, वहाँ बैठने की सुविधा सीमित है, इसलिए जो पहले आएँगे, उन्हें वहाँ बैठने का मौक़ा भी पहले मिलेगा ।

सवाल और जवाब: सत्संग के बाद, सवाल-जवाब का प्रोग्राम होगा: कृप्या ध्यान दें कि, बाबा जी से सवाल पूछने के लिए एक नया तरीक़ा अपनाया गया है। जो बाबा जी से सवाल पूछना चाहते हैं, उनका चुनाव लॉटरी के तरीक़े से रोज़ सत्संग से पहले किया जायेगा। **यह चुनाव की जगह सुबह 7:00 बजे खुलेगा और 8:00 बजे बंद हो जाएगा, जिसके बाद लाटरी का चुनाव होगा। कृपया नोट करें की यह बंद होने का समय 8:15 से बदल दिया गया है।** अगर आपने प्रश्न पूछना हो तो, आप पहले सत्संग हॉल में अपनी सीट रख़ कर, फिर हॉल के पिछले हिस्से में जहाँ सवाल-जवाब के लिए चुनवाई हो रही हो, वहाँ आ जाएँ । अगर आप न चुने गए हों, तो आप अपने सीट पर वापस चले जाएँ । चुने जाने के बाद, किसी और को, सवाल-जवाब के लाइन में लगने की अनुमति नहीं है ।

सवाल जवाब के निर्देश:

1. सवाल पूछने वालों की उम्र 18 या 18 से बड़ी होनी चाहिये।
2. सवाल छोटे और स्पष्ट होने चाहिये।
3. सिर्फ एक सवाल पूछना चाहिये।
4. सवाल सिर्फ रूहानियत के बारे में होने चाहिये ना की निजी, आर्थिक, सेहत, पारिवारिक या राजनीतिक समस्याओं के बारे में।
5. दूसरों कि ओर से सवाल ना पूछें।
6. लम्बे नोट, कविताएँ या चिट्ठियाँ ना पढ़ें।
7. जब बाबा जी आप के सवाल का जवाब दे रहें हों तो उनको बीच में ना टोकें। आप कुछ बोलने से पहले, आप उनको अपनी बात ख़तम करने दें।

संगत के लिए निवेदन:

1. **सत्संग प्रोग्राम के दौरान किसी समय भी ताली ना बजाएँ।**
2. **सवाल पूछने वालों कि गोपनीयता का आदर करें और मुड़ कर उन्हें देखने की कोशिश ना करें।**

इन चीज़ों को लेकर आना मना है: मोबाइल फ़ोन, पेजर, कैमरा, दूरबीन, लेज़र पॉइंटर, mp3 प्लेयर जिसमे आईपॉड भी शामिल हैं, ऑडियो वीडियो रिकॉर्डर, इलेक्ट्रॉनिक गेम्स या किसी और इलेक्ट्रॉनिक वस्तु को सत्संग एरिया (हॉल, फैमिली एरिया और आस पास का एरिया) पर लेकर आना मना है। अगर ऐसी कोई चीज़ साइट पर लाई जाती है तो उसे सेवादारों के पास ज़रुर जमा कराएँ।

तस्वीर लेना और ऑडियो वीडियो रिकॉर्डिंग: मोबाइल फ़ोन या किसी और इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का प्रॉपर्टी पर कहीं भी प्रयोग करना मना है।

बड़े बैग और पर्स: (6"x9" से बड़े) और खाने-पीने की चीज़ों को (पानी को छोड़ कर) हॉल के अंदर नहीं लाने दिया जायेगा। कृपया नोट करें की सब बैगों की हॉल में या फॅमिली एरिया में अंदर लाने पर जाँच की जा सकती है। गद्दियाँ लेकर आने की इजाज़त है पर मेटल फ्रेम वाली कुर्सी की इजाज़त नहीं है.

नोट्स लिखना: सतगुरु चाहते हैं कि हम उनकी मौजूदगी का पूरा-पूरा फ़ायदा उठाएँ और अपना समय और ध्यान नोट्स लिखने में न लगाएँ। इसलिए कृप्या सत्संग में या सवाल-जवाब के दौरान नोट्स न लिखें। नोट्स लिखकर उन्हें इंटरनेट या किसी और तरीक़े से एक दूसरे को भेजने की सख़्त मनाही है ।

पार्किंग और प्रॉपर्टी से बाहर निकलना: दूर के पार्किंग एरिया से बुज़ुर्गों और शारीरिक रुप से असमर्थ (स्पेशल नीड्स) लोगों की सहायता के लिए सीमित ट्रांसपोर्ट का इंतज़ाम किया जाएगा। कारों को प्रॉपर्टी से निकलने में कुछ वक्त लग सकता है, इस लिए प्रॉपर्टी के मैदान पर धैर्य से इंतज़ार करने के लिये तैयार रहें। **प्रॉपर्टी से बाहर निकलने में समय लगने और एरिया में ट्रैफिक के कारण, बाहर जाने वाली फ्लाइटों को कम से कम 5 घंटे बाद बुक कराने का सुझाव दिया जाता है।**

ट्रांसपोर्टेशन (परिवहन): कुछ चुने हुए होटेलों से शटल बसें चलेंगी, लंबी दूरी वाली चार्टर बसों का भी इंतज़ाम हो सकता है। कृप्या अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट या सत्संग में इन्फ़र्मेशन टेबल पर देखें।

सत्संग में बच्चों के साथ आना: 10 और 10 साल से बड़े बच्चों को सत्संग में जाने की आज्ञा है। 10 साल से कम उम्र के बच्चों को अपने माता पिता या गार्डियन के साथ फ़ैमिली एरिया में जाना चाहिये। माता-पिता या गार्डियन बच्चों के लिए सत्संग के दौरान और सत्संग से पहले और बाद में भी ज़िम्मेवार रहेंगे। ज़्यादा जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट या इनफार्मेशन बुकलेट में फ़ैमिली एरिया के लिए हिदायतें देख सकते हैं।

शारीरिक रुप से असमर्थ (स्पेशल नीड्स) लोगों की ज़रुरतें: शारीरिक रुप से असमर्थ (स्पेशल नीड्स) लोगों के लिए सहायता उपलब्ध होगी । जब आप सत्संग के लिए पहुँचें, तो स्पेशल नीड्स के लिए, ड्राप ऑफ़ (Drop off) और पार्किंग के संकेतों का पालन करें। सेंटर, कोई भी चिकित्सा के लिए उपकरण (मेडिकल इक्विप्मेंट) प्रदान करने में असमर्थ है, जैसे कि व्हीलचेयर, व्यक्तिगत उपयोग के लिए वॉकर इत्यादि। **अपनी ज़रुरत की चीज़ें ख़ुद लेकर आएँ।** कृपया वेबसाइट पर स्पेशल नीड्स पेज देखें और सत्संग इनफार्मेशन टेबल से खास ज़रुरतों (स्पेशल नीड्स) वाला फॉर्म ले लीजिये।

भोजन: संगत को बैग लंच दिया जायेगा जिसमे कि 1 या 2 व्रैप, फल, 1 पानी की बोतल और एक सीरियल बार होंगे। 1 व्रैप वाले बैग की कीमत $3 और 2 व्रैप वाले बैग की कीमत $5 होगी। सत्संग से पहले चाय और बिस्कुट और सत्संग के बाद केवल चाय 25 सेंट के लिए उपलब्ध होंगे।

स्थानीय लोगों के साथ सम्बन्ध: सत्संग में आने वाले हर व्यक्ति को चाहिये कि वह स्थानीय लोगों के साथ अपना व्यवहार विनम्र और उचित रखें। हमारे सत्संग सेंटरों ने स्थानीय लोगों और स्थानीय सरकारों के साथ बहुत अच्छे सम्बन्ध विकसित किये हैं। हमें चाहिये कि हम ऐसा कोई भी काम ना करें जिससे यह सम्बन्ध ख़राब हों। अगर हो सके, तो होटल और रेस्टोरेंट में काम करने वाले लोगों को टिप ज़रूर दीजिए।

पहनावा, इत्र लगाना, धूम्रपान और पालतू जानवर: पार्किंग एरिया से लम्बे फासले कारण, फ्लैट जूते डालने की सलाह दी जाती है। सत्संग हॉल खुले जगह में होगा, सुबह में ठंड और जल्दी से गरमी भी हो सकती है, इसलिए सुविधाजनक कपड़े पहनकर आएँ। कुछ लोगों को दमा, एलर्जी आदि की सेहत की समस्या हो सकती है। कृपया इन लोगों का ध्यान रखते हुए इत्तर वग़ैरा लगाने से परहेज करें। सत्संग प्रॉपर्टी में धूम्रपान और पालतू जानवर लेकर आने की आज्ञा नहीं है। जो जानवर विशेष ज़रूरतों वाले लोगों के लिए सर्टिफाइड सर्विस जानवर हैं, उन को प्रॉपर्टी पर लाया जा सकता है।